पाठ १ नीमा की दादी

प्रश्न-अभ्यास

बातचीत के लिए

1. नीमा की दादी घर पर ही क्यों रहती हैं?

उत्तर- नीमा की दादी घर पर इसलिए रहती हैं क्योंकि वह बूढ़ी हो चुकी है और उनके घुटनों में दर्द रहता है।

2. मैदान में जाकर दादी ने क्या किया होगा?

उत्तर- मैदान में जाकर दादी खुली हवा में घूमी होंगी और बच्चों को खेलता देखकर खुश हुई होंगी। उन्हें वहाँ उनकी उम्र के लोग भी मिले होंगे,जिनसे मिलके उन्हें बहुत ख़ुशी हुई होगी।

3. नीमा कहती है, "मैं पाँच बजे खेलने जाती हूँ पर दस मिनट में ही छह बज जाते हैं ।" क्या आपके साथ भी ऐसा होता है?

उत्तर- हाँ, मेरे साथ भी ऐसा ही होता हैं । जभी भी हम अपने मन का काम करते हैं तो समय जल्दी बीत जाता है।

4. आप स्कुल से घर जाकर अपना समय कैसे बिताते हैं?

उत्तर- हम स्कुल से घर आकर हाथ पैर धोकर खाना खाते हैं । उसके बाद स्कुल में जो भी चीज़े होती हैं वह परिवार वालों को बताते है। शाम को थोड़ी देर बाहर खेलते है। अपने स्कुल का कार्य करते हैं और फिर रात में खाना खाके जल्दी सो जाते है।

नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. इस कहानी में कौन-कौन हैं?

इस कहानी में _________ और _________ हैं।

उत्तर- इस कहानी में नीमा और उसकी दादी हैं।

2. नीमा स्कुल की बातें अपनी दादी को बतातीहैं। आप स्कुल की बातें किसे बताते हैं?

मैं अपनी स्कुल की बातें ____________ को बताती हूँ / बताता हूँ।

उत्तर- मैं अपनी स्कुल की बातें अपनी माँ को बताती हूँ / बताता हूँ।

3. इस कहानी में नीमा और दादी हैं ‘ न ’ और ‘ द ’ से शुरू होने वाले कुछ शब्दों की सूची बनाइए

उत्तर- न वाले शब्द - नहीं।

द वाले शब्द - दोपहर, दो, दर्द, दिन, दौड़कर, दस।

शब्दों का खेल

1. नीचे कुछ वर्ण और कुछ मात्राएँ दी गईहैं। इन्हें जोड़कर अपने शब्द बनाइए और अपनी काँपी में लिखिए-

उत्तर- ताला, चना, चरखा, चाभी, नारी, बस, घर, इमारत।

2. कुछ अक्षर छूट गए हैं। उन्हें लिखिए-



उत्तर- अ , आ, इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ।

3. कहानी में ‘ इंतज़ार ’ शब्द आया है।

अक्षर के ऊपर लगने वाली बिंदी को अनुस्वार कहते हैं। ‘ इंतज़ार ’ में जैसे ही ‘ इ ’ के ऊपर बिंदी लगाई ‘ इंतज़ार ’ हो गया। आइए ,ऐसे ही कुछ अन्य शब्दों को देखते हैं-

उत्तर-

अक्षर समूह	अनुस्वार लगाने पर बना शब्द	चित्र
शख	शंख	
पतग	पतंग	
बदर	बंदर	
मदिर	मंदिर	
अगूर	अंगूर	

Free worksheets, Learning material, practice tests & more at www.onepointlearning.com